Seventeenth Loksabha

>

Title: Laid the statement regarding the status of implementation of the recommendations contained in the 329th Report of the Standing Committee on Education, Women, Children, Youth and Sports on Demands for Grants (2021-22) pertaining to the Department of Higher Education, Ministry of Education.

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. सुभाष सरकार): महोदय, मैं उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय की अनुदानों की माँगों (2021-22) के बारे में शिक्षा, महिला, बाल, युवा और खेल संबंधी स्थायी समिति के 329वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में एक वक्तव्य देता हूँ ।

महोदय, लोक सभा के निर्देशों के निर्देश 73क के अनुसार, मैं, शिक्षा, महिला, बाल, युवा और खेल संबंधी संसदीय स्थायी समिति की तीन सौ उनत्तीसवीं रिपोर्ट में दी गई सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के संबंध में वक्तव्य दे रहा हूँ ।

शिक्षा, महिला, बाल, युवा और खेल संबंधी संसदीय स्थायी समिति ने उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय की अनुदान माँगों 2021-22 से संबंधित तीन सौ चौबीसवें प्रतिवेदन पर की गई कार्रवाई पर तीन सौ उनत्तीसवीं रिपोर्ट राज्य सभा में प्रस्तुत की, जिसे दिनांक 06 अगस्त 2021 को ही लोक सभा में प्रस्तुत किया गया । इस रिपोर्ट के कार्यान्वयन की स्थिति दिनांक 27 अक्टूबर 2021 (अंग्रेजी संस्करण) और 08 नवम्बर 2021 (हिन्दी संस्करण) को राज्य सभा सचिवालय में भेज दी गई है ।

माननीय अध्यक्ष : माननीय मंत्री जी, आप अपना वक्तव्य सभा पटल पर रख दीजिए ।

डॉ. सुभाष सरकार : महोदय, ठीक है ।

महोदय, मैं 329वीं रिपोर्ट में की गई सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति सभा पटल पर रखता हूँ ।

12.07 hrs